>

Title: Need to expedite construction of school building of Jawahar Navodaya Vidyalaya in Amreli district, Gujarat and provide adequate facilities to teachers and students of the Vidyalaya.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): हमारे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिला मोटा मंडारिया नाम स्थान में जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। महोदय यह बहुत दुख की बात है कि यह काम 2008 से चल रहा है और अभी तक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। आज वहां बच्चों को पढ़ने के लिए कमरे नहीं है, कोई लेबोरेट्री नहीं है। इस स्कूल में कक्षा 7, 8, 9 तक की पढ़ाई होती थी और इस बार क्लास 6 की भी पढ़ाई शुरू हो गई है और वर्ष 2011 में कक्षा-6 में 80 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं लेकिन इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए कमरे नहीं हैं। कंप्यूटर की शिक्षा के लिए इस बार कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति की गई लेकिन अभी तक कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है। बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड नहीं है, भोजनालय नहीं है, स्टाफ क्वार्टर नहीं है। इस तरह से बच्चों के लिए पर्याप्त शिक्षण-सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

इस स्कूल का निर्माण कार्य बहुत मंद गति से चल रहा है। अधिकारी आते हैं और चुपचाप चले जाते हैं और पूछे जाने पर उचित जवाब नहीं मिलता। महोदय, इस विद्यालय के भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने का संशोधित लक्ष्य 31.03.2010 था लेकिन यह भी निकल गया। इस तरह से यह काम दिन-प्रतिदिन विलंबित होता जा रहा है।

अतः बच्चों के भविष्य को देखते हुए मैं माननीय मंत्री महोदय जी से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस विद्यालय के निर्माण कार्य में देरी होने के संबंध में कोई निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए और जल्द-से-जल्द इस विद्यालय के निर्माण कार्य को पूरा करवाया जाए।